भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 736**
दिनांक 04.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) गांव**

**†736. श्रीमती बाग मितालीः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार के पास खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित किए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुल आबादी वाले गांवों की संख्या संबंधी आंकड़े हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ख) क्या मणिपुर में तीन प्रतिशत से कम ओडीएफ प्लस गांव हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क): जी, नहीं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ऐसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुल आबादी वाले गांवों की संख्या का डेटा नहीं रखता है, जिन्हें खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित किया गया है।

(ख): जी, नहीं। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण [एसबीएम (जी)] चरण-II के तहत, एसबीएम (जी) चरण-II कि एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्य द्वारा दर्ज डेटा के अनुसार, चिह्नित 2,567 गांवों में से **78 गांवों**, अर्थात् **3.03% गांवों** को 01.12.2025 तक खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस घोषित किया गया है। 26 गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया गया है।

*****